SPM IAS ACADEMY
SHAPING BRILLIANCE

CIVIL SERVICES (MAIN) EXAM- 2023

SKYC–B–PSYC

# मनोविज्ञान (प्रश्न-पत्र–II)

निर्धारित समय : तीन घण्टे

अधिकतम अंक : 250

## प्रश्न-पत्र सम्बन्धी विशेष अनुदेश

(उत्तर देने के पूर्व निम्नलिखित निर्देशों को कृपया सावधानीपूर्वक पढ़िए)

इसमें **आठ** प्रश्न हैं जो दो खण्डों में विभाजित हैं तथा **हिन्दी** और **अंग्रेजी** दोनों में छपे हुए हैं।

परीक्षार्थी को कुल **पाँच** प्रश्नों के उत्तर देने हैं।

प्रश्न संख्या **1** और **5** अनिवार्य हैं तथा बाकी प्रश्नों में से प्रत्येक खण्ड से कम-से-कम **एक** प्रश्न चुनकर **तीन** प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

प्रत्येक प्रश्न/भाग के लिए नियत अंक उसके सामने दिए गए हैं।

प्रश्नों के उत्तर उसी प्राधिकृत माध्यम में लिखे जाने चाहिए, जिसका उल्लेख आपके प्रवेश-पत्र में किया गया है, और इस माध्यम का स्पष्ट उल्लेख प्रश्न-सह-उत्तर (क्यू० सी० ए०) पुस्तिका के मुखपृष्ठ पर निर्दिष्ट स्थान पर किया जाना चाहिए। प्राधिकृत माध्यम के अतिरिक्त अन्य किसी माध्यम में लिखे गए उत्तर पर कोई अंक नहीं मिलेंगे।

प्रश्नों की शब्द-सीमा, जहाँ विनिर्दिष्ट है, का अनुसरण किया जाना चाहिए।

प्रश्नों के प्रयासों की गणना क्रमानुसार की जाएगी। आंशिक रूप से दिए गए प्रश्नों के उत्तर को भी मान्यता दी जाएगी यदि उसे काटा न गया हो। प्रश्न-सह-उत्तर पुस्तिका में खाली छोड़े गए कोई पृष्ठ अथवा पृष्ठ के भाग को पूर्णतः काट दीजिए।

---

# PSYCHOLOGY (PAPER–II)

Time Allowed : Three Hours

Maximum Marks : 250

## QUESTION PAPER SPECIFIC INSTRUCTIONS

(Please read each of the following instructions carefully before attempting questions)

There are EIGHT questions divided in two Sections and printed both in HINDI and in ENGLISH.

Candidate has to attempt FIVE questions in all.

Question Nos. **1** and **5** are compulsory and out of the remaining, THREE are to be attempted choosing at least ONE question from each Section.

The number of marks carried by a question/part is indicated against it.

Answers must be written in the medium authorized in the Admission Certificate which must be stated clearly on the cover of this Question-cum-Answer (QCA) Booklet in the space provided. No marks will be given for answers written in a medium other than the authorized one.

Word limit in questions, wherever specified, should be adhered to.

Attempts of questions shall be counted in sequential order. Unless struck off, attempt of a question shall be counted even if attempted partly. Any page or portion of the page left blank in the Question-cum-Answer Booklet must be clearly struck off.

SPM IAS ACADEMY
SHAPING BRILLIANCE

## खण्ड—A / SECTION—A

**1.** निम्नलिखित में से प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग *150* शब्दों में दीजिए :
Answer the following questions in about *150* words each : 10×5=50

*(a)* निदेशात्मक तथा अनिदेशात्मक चिकित्साओं की तुलना उनकी प्रभावशीलता के संदर्भ में कीजिए।
Compare directional and non-directional therapies with reference to their effectiveness.

*(b)* मनोविदलता के सकारात्मक तथा नकारात्मक लक्षणों का एक तुलनात्मक विश्लेषण प्रस्तुत कीजिए।
Give a comparative analysis of positive and negative symptoms of schizophrenia.

*(c)* जैव प्रतिपुष्टि (बायोफीडबैक) चिकित्सा के स्वरूप तथा सार्थकता की व्याख्या कीजिए।
Explain the nature and significance of biofeedback therapy.

*(d)* वाचनवैकल्य (डिस्लेक्सिया) के स्वरूप की व्याख्या कीजिए। इसका निदान कैसे किया जा सकता है?
Explain the nature of dyslexia. How can it be diagnosed?

*(e)* ''भारत में एक सामुदायिक मनोवैज्ञानिक के लिए विविधता की सराहना एक बुनियादी मूल्य के रूप में मानी जाती है।'' न्यायोचित ठहराइए।
"Appreciating diversity is considered as a core value for a community psychologist in India." Justify.

SPM IAS ACADEMY
SHAPING BRILLIANCE

**2.** *(a)* स्वास्थ्य के जैव मनोसामाजिक प्रारूप (मॉडल) की चर्चा कीजिए। रोगों की रोकथाम के लिए प्रासंगिक कार्रवाई का सुझाव दीजिए।
Discuss the biopsychosocial model of health. Suggest relevant actions to prevent illness. 15

*(b)* व्यवहार चिकित्सा की अवधारणाओं की व्याख्या कीजिए। दुर्भीति के उपचार के लिए व्यवहार चिकित्सा की विभिन्न प्रविधियों की चर्चा कीजिए।
Explain the assumptions of behaviour therapy. Discuss various techniques of behaviour therapy to treat phobia. 15

*(c)* मानकीकृत मनोवैज्ञानिक परीक्षणों की विशेषताओं की व्याख्या कीजिए। मनोवैज्ञानिक परीक्षणों की सीमाओं पर प्रकाश डालिए।
Explain the characteristics of standardized psychological tests. Highlight the limitations of psychological tests. 20

SPM IAS ACADEMY
SHAPING BRILLIANCE

**3.** *(a)* मैस्लो के आवश्यकता पदानुक्रम सिद्धान्त की व्याख्या कीजिए। इसका आलोचनात्मक मूल्यांकन कीजिए।
Explain Maslow's need hierarchy theory. Critically evaluate the same. 15

*(b)* बौद्धिक रूप से चुनौतीपूर्ण व्यक्ति के पुनर्वास हेतु रणनीतियों की व्याख्या कीजिए।
Explain the strategies for rehabilitation of intellectually challenged person. 15

*(c)* विशेष रूप से भारतीय संदर्भ में घरेलू हिंसा के पीड़ितों के पुनर्वास में मनोवैज्ञानिक की भूमिका की विवेचना कीजिए।
Discuss the role of a psychologist in rehabilitation of victims of domestic violence with special reference to India. 20

**4.** *(a)* बालिकाओं को बचाने के कार्यक्रम के कार्यान्वयन के लिए पारिस्थितिक सिद्धान्त के महत्त्व तथा अनुप्रयोगों की चर्चा कीजिए।
Discuss the importance and applications of ecological theory for programme implementation of saving the girl child. 15

*(b)* आपराधिक व्यवहार को समझने हेतु बैन्डुरा के सिद्धान्त की व्याख्या कीजिए।
Explain Bandura's theory for understanding criminal behaviour. 15

*(c)* विपणन के क्षेत्र में मनोवैज्ञानिक सिद्धान्तों के अनुप्रयोगों का वर्णन कीजिए। भारतीय संदर्भ में दृष्टान्त उद्धृत कीजिए।
Describe the applications of psychological principles in the field of marketing. Cite illustrations from Indian context. 20

## खण्ड—B / SECTION—B

SPM IAS ACADEMY
SHAPING BRILLIANCE

**5.** निम्नलिखित में से प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग *150* शब्दों में दीजिए :
Answer the following questions in about *150* words each : 10×5=50

*(a)* उपयुक्त उदाहरणों के साथ दीर्घकालीन वंचन के मनोसामाजिक परिणामों की व्याख्या कीजिए।
Explain with suitable examples the psychosocial consequences of prolonged deprivation.

*(b)* सामाजिक एकीकरण को प्राप्त करने के क्या उपाय हैं?
What are the measures to achieve social integration?

*(c)* सामाजिक मूल्यों को बढ़ावा देने में जनसंचार माध्यमों की भूमिका की व्याख्या कीजिए।
Explain the role of mass media in fostering societal values.

*(d)* एकल खिलाड़ियों (ऐथ्लिटों) के प्रदर्शन में सुधार हेतु किन मनोवैज्ञानिक हस्तक्षेपों की योजना बनाई जा सकती है?
What psychological interventions can be planned to improve the performance of athletes?

*(e)* परम्परागत भारतीय महिलाओं के मामले में स्वयं-पूरक भविष्यवाणी (सेल्फ-फुलफिलिंग प्रोफेसी) कैसे कार्य करती है?
How does self-fulfilling prophecy work in case of traditional Indian women?

SPM IAS ACADEMY
SHAPING BRILLIANCE

**6.** *(a)* वंचित समूहों में बच्चों द्वारा विद्यालय छोड़ने की परिघटना में कमी लाने हेतु किए जाने वाले उपायों की चर्चा कीजिए।

Discuss the steps to be taken to reduce the incidence of school dropouts among deprived groups. 15

*(b)* अन्तःसमूह संघर्ष के समाधान के लिए मनोवैज्ञानिक रणनीतियों की चर्चा कीजिए।

Discuss the psychological strategies for handling the intergroup conflict. 15

*(c)* उपलब्धि अभिप्रेरणा क्या है? उपलब्धि अभिप्रेरणा बढ़ाने में परिवार और सांस्कृतिक कारक कैसे योगदान करते हैं, इस पर चर्चा कीजिए।

What is achievement motivation? Discuss how family and cultural factors contribute to enhance achievement motivation. 20

**7.** *(a)* पॉर्नोग्राफी की लत के मनोवैज्ञानिक तथा सामाजिक प्रभावों की विवेचना कीजिए।

Discuss the psychological and social effects of pornography addiction. 15

*(b)* सुरक्षा कर्मियों में सकारात्मक मानसिक स्वास्थ्य बढ़ाने हेतु रणनीतियों की चर्चा कीजिए।

Discuss the strategies for promoting positive mental health among defence personnel. 15

*(c)* पर्यावरण-अनुकूल व्यवहार क्या है? स्कूली बच्चों में पर्यावरण-अनुकूल व्यवहार को विकसित करने के लिए एक हस्तक्षेप योजना तैयार कीजिए।

What is pro-environmental behaviour? Design an intervention plan for developing pro-environmental behaviour among schoolchildren. 20

**8.** *(a)* आतंकवाद को समझने के लिए व्यक्ति के जीवन अनुभव किस सीमा तक प्रासंगिक हैं?

To what extent individual's life experiences are relevant for understanding terrorism? 15

*(b)* जनसंख्या विस्फोट के मनोवैज्ञानिक परिणामों की चर्चा कीजिए। जनसंख्या नियन्त्रण के प्रति लोगों में जागरूकता को बढ़ाने की कुछ प्रविधियों का सुझाव दीजिए।

Discuss the psychological consequences of population explosion. Suggest some techniques to enhance awareness among people for population control. 15

*(c)* भारतवर्ष में लैंगिक समाजीकरण किस प्रकार लैंगिक भेदभाव की ओर ले जाता है?

How does gender socialization in India lead to gender discrimination? 20

★★★

SPM IAS ACADEMY
SHAPING BRILLIANCE